(ग) क्या दूरदर्शन पर ऐतिहासिक फिल्में दिखाने का सरकार का विचार है ताकि परिवार के सदस्यों के साथ-साथ बच्चे भी कुछ जानकारी प्राप्त कर सकें ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एच०के०एल० भगत) : (क) और (ख) दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली सामान्यत: फीचर फिल्मों को पुन: नहीं दिखता है । तथापि, दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली द्वारा कुछ फिल्मों को उनकी गुणवत्ता तथा नए ट्रांसमीटरों की स्थापना होने के कारण नए दर्शकों, जिन्होंने इन फिल्मों को शायद न देखा हो, की वर्धित संख्या को ध्यान में रखते हुए पुन: दिखाया गया है । 1983 और 1984 के दौरान केवल तीन फिल्मों को फिर से दिखाया गया था ।

(ग) दूरदर्शन ऐतिहासिक फिल्मों को समय-समय पर टेलीकास्ट करता रहा है बशर्ते कि वे उपलब्ध हुई हों और उपयुक्त हों ।

Modification of Drug Policy

1219. SHRI N. DENNIS :
SHRI E. BALANANDAN :
SHRI DIGAMBER SINGH :
SHRI SAJJAN KUMAR :

Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 10523 on 8th May, 1984 and state :

(a) whether the Steering Commitee appointed by Government to review and modify the 1978 Drug Policy has submitted its report; and

(b) if so, the main recommendations that have been accepted by Government ?

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI VASANT SATHE) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

ग्रामीणों को रियायती दरों पर बायोगैस संयन्त्रों की सप्लाई

1220. श्री रमलाल राही : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ग्रामीणों को रियायती दरों पर बायोगैस संयन्त्र उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तर पर कोई अधिकारी नियुक्त किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश में तथा उसके सीतापुर जिले में कितने किसानों ने बायोगैस संयन्त्र लगाए हैं;

(ग) क्या सरकार गरीब किसानों को बायोगैस संयन्त्र मुफ्त उपलब्ध कराती है अथवा राज-सहायता प्राप्त दरों पर उपलब्ध कराती है;

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ङ) यदि हां, तो उन्हें कितनी रियायत दी जाती है ?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० शिव शंकर) : (क) जी हां, । चुने गए महत्वपूर्ण जिलों में पदों के सृजन के लिए राज्य सरकारों और खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग को बायोगैस विकास की चल रही राष्ट्रीय परियोजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता दी गई है ।

(ख) वर्ष 1981-82 (बायोगैस विकास की राष्ट्रीय परियोजना के प्रारम्भ से) से 1983-84 की अवधि के दौरान, उत्तर प्रदेश में कुल 39929 पारिवारिक आकार के बायोगैस संयन्त्र लगाए जा चुके हैं, इनमें से 1136 संयन्त्र सीतापुर जिले में लगाए गए थे ।

(ग) से (ङ) बायोगैस विकास की राष्ट्रीय